प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-266
03/06/2018

मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ्तार में मुख्यमंत्री हुये शामिल

पटना, 03 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित दावत–ए–इफ्तार पार्टी में शरीक हुए। मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट द्वारा आयोजित इस इफ्तार पार्टी में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को गुलदस्ता, टोपी एवं अंगवस्त्र भेंटकर मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अबू कैसर ने अभिनंदन किया। इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा की।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी, सांसद श्री अखिलेश सिंह, विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री अशोक राम, विधायक श्री भाई वीरेंद्र, विधायक श्री मदन मोहन तिवारी, विधायक श्री शकील अहमद खां, नवनिर्वाचित विधायक श्री शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक श्री इजहार अहमद, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं रोजेदार उपस्थित थे।

******